मध्यप्रदेश विधान सभा

जनवरी-अप्रैल, 2001 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 5 मार्च, 2001 (फाल्गुन 14, 1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. मुख्यमंत्री से संबंधित प्रश्नकाल

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री नरेन्द्र नाहटा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार आप्टेल टेलिकम्यूनिकेशन लिमिटेड का दशम् वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1998-99 पटल पर रखेंगे.

4. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री ध्यानेन्द्र सिंह, सदस्य, ग्वालियर जिले के ग्राम खेड़ी से एक युवक का अपहरण होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री केदारनाथ शुक्ल, चौधरी राकेश सिंह, नरेन्द्र बिरथरे, सदस्य, प्रदेश के शासकीय कर्मियों को प्रदेश से बाहर गंभीर बीमारियों पर हुए व्यय की सीमा निर्धारित किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर चिकित्सा शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के-
- (क) ओरछा-टीकमगढ़ मार्ग के बेतवा नदी पर पुल बनाये जाने, तथा
- (ख) सरसौरा बांध परियोजना की स्वीकृति दिलाने तथा निर्माण कार्य प्रारम्भ कराये जाने,

(2) श्री मुंशीलाल, सदस्य, भोपाल शहर के कोलार रोड चौराहे से नयापुरा ग्राम तक सड़क किनारे स्ट्रीट लाईट लगाये जाने,

के सम्बन्ध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

6. राज्यमंत्री आदिम जाति कल्याण का वक्तव्य

श्री प्रताप सिंह उइके, राज्यमंत्री आदिम जाति कल्याण, दिनांक 9 फरवरी, 1999 को पूछे गये परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 27 (क्रमांक-1208) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

7. वर्ष 2001-2002 के अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमशः)

निर्धारित समय		मांग संख्या	
	(1)	मांग संख्या - 13	कृषि
		मांग संख्या - 40	आयाकट विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या - 52	कृषि विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनायें
		मांग संख्या - 54	कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा से संबंधित व्यय.
2 घन्टे	(2)	मांग संख्या - 8	भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन
		मांग संख्या - 9	राजस्व विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या - 28	राज्य विधान मण्डल
		मांग संख्या - 31	योजना, आर्थिक तथा सांख्यिकी विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या - 35	पुनर्वास
		मांग संख्या - 38	रोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत अतिरिक्त व्यय
		मांग संख्या - 50	बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या - 58	प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय
		मांग संख्या - 60	जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय
		मांग संख्या - 84	ग्यारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अंतर्गत प्रशासन के स्तरों का उन्नयन-राजस्व.
2 घन्टे	(3)	मांग संख्या - 10	वन
		मांग संख्या - 36	परिवहन
2 घन्टे	(4)	मांग संख्या - 24	लोक निर्माण कार्य-सड़के और पुल
		मांग संख्या - 42	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-सड़के और पुल
		मांग संख्या - 67	लोक निर्माण कार्य-भवन
		मांग संख्या - 68	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-भवन
		मांग संख्या - 76	लोक निर्माण विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनायें.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 4 मार्च, 2001